**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या –1856**
**दिनांक 02.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**
**भारत और यूके के बीच नई कार्यनीतिक भागीदारी**

1856. **श्री ए. राजाः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यूके के नए प्रधान मंत्री के कार्यभार ग्रहण करने के परिणामस्वरूप भारत और यूके के बीच नई कार्यनीतिक भागीदारी पर चर्चा हुई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल ही में यूके के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कोई चर्चा हुई थी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रगति क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) और (ख) भारत–यूनाइटेड किंगडम द्विपक्षीय साझेदारी, मई 2021 में एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदल गयी थी, जिसके तहत व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, नवाचार और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने के लिए दस वर्ष का कार्यक्रम सम्मिलित किया गया था।

भारत, पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार करार सहित भारत–ब्रिटेन संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन में नई लेबर सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। ब्रिटेन में नई सरकार के गठन के बाद, दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने 6 जुलाई 2024 को फोन पर बात की। इसके बाद, यूके के विदेश सचिव डेविड लैमी ने भी 24–25 जुलाई 2024 तक भारत की यात्रा की। दोनों पक्षकार व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहन और विविधतापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

(ग) और( घ) भारत और यूके 13 जनवरी 2022 से मुक्त व्यापार करार (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। हाल ही में, भारतीय दल ने लंबित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए यूके की (16–19 अप्रैल 2024) यात्रा की। इसके बाद, हमारी सेवा टीम ने भी सेवा क्षेत्र में लंबित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 8–10 मई 2024 तक यूके की यात्रा की। इन टीमों ने अच्छी प्रगति किया है। दोनों पक्षकार एक ऐसे व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी हो तथा जिसमें दोनों पक्षकारों की महत्वाकांक्षाओं और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखा जाए। ब्रिटेन के विदेश सचिव की हाल की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षकारों ने भारत–ब्रिटेन एफटीए वार्ता में हुई पर्याप्त प्रगति की सराहना की तथा इसके सफल समापन की आशा व्यक्त की। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने जुलाई 2024 में इटली के अपुलिया में जी7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार राज्य मंत्री श्री जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की। भारत और ब्रिटेन के बीच हुई वार्ता में मुक्त व्यापार करार (एफटीए) पर चर्चा को आगे बढ़ाने की योजना भी शामिल थी।

*****